प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से पांच देशों की यात्रा पर रवाना होंगे।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार सृजन और राष्ट्रीय खेल नीति को दी मंजूरी।
- बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल होंगे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष।
- आज प्रदेश के 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

**समाचार विस्तार सेः–**

**प्रधानमंत्री पांच देशों की यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील तथा नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। वे इस यात्रा के पहले चरण में आज और कल घाना में रहेंगे। यह घाना की उनकी पहली यात्रा होगी। इस दौरान वे वहां के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के साथ बातचीत करेंगे। दोनों नेता मजबूत द्विपक्षीय साझेदारी की समीक्षा करेंगे और आर्थिक, ऊर्जा तथा रक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए भविष्य के अवसरों पर चर्चा करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट ......

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यात्रा के अंतिम चरण में 9 जुलाई को नामीबिया का दौरा करेंगे। यह प्रधानमंत्री की नामीबिया की पहली यात्रा होगी। इस दौरान श्री मोदी, राष्ट्रपति नंदी–नदैतवाह के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल बैठक**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज करीब एक लाख करोड़ रुपये की रोजगार–संबंधी प्रोत्साहन योजना और नागरिकों को खेल गतिविधियों के साथ सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय खेल नीति को भी मंजूरी दी गई है। बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस नीति का लक्ष्य भारत को दुनिया के शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल करना है।

रोजगार–संबंधी प्रोत्साहन योजना के बारे में श्री वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों की अवधि में देश में साढे तीन करोड़ से अधिक रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से एक करोड 92 लाख लाभार्थी पहली बार नियुक्ति पाने वाले होंगे। इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को एक महीने में 15 हजार रुपये तक का वेतन मिलेगा।

**मंत्रि–परिषद बैठक–मुख्यमंत्री**

भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए राज्य सरकार ने सैंद्धातिक स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए तीन वर्षों के लिए प्रति वर्ष एक करोड़ 5 लाख रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में उपलब्ध भूमि में से 10 एकड़ भूमि को विभाग स्तर से हस्तांतरित किया जायेगा।

इस विश्वविद्यालय के स्थापित होने से राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में रोजगार एवं कौशल, विशिष्ट उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठा में वृद्धि, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के मध्य सहयोग में वृद्धि होगी।

मंत्रि–परिषद की बैठक में प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गौ–वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष होंगे। उनके नाम की औपचारिक घोषणा आज भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में की जाएगी। केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी धर्मेन्द्र प्रधान ने कल शाम बताया कि अध्यक्ष पद के लिए श्री खंडेलवाल के अलावा किसी का नामाकंन जमा नहीं हुआ है। इसलिए उनका प्रदेश अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सहित कई नेताओं ने श्री खंडेलवाल के नाम का प्रस्ताव किया है।

## लैपटॉप वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जुलाई शुक्रवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है।

## कैलाश मानसरोवर– पहला जत्था वापसी

कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीर्थयात्रियों का पहला जत्था सफलतापूर्वक यात्रा पूरी करने के बाद कल गंगटोक लौट गया। यह जत्था कल दोपहर लगभग बारह बजकर 45 मिनट पर पहुंचा। तीर्थयात्रियों को शेरेथांग ले जाया गया।

यात्रियों को सम्मानित करने के लिए शाम को सिक्किम पर्यटन विकास निगम–एसटीडीसी द्वारा एक औपचारिक प्रमाण–पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य के अपर मुख्य सचिव सी.एस.राव ने आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण तीर्थयात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के लिए यात्रियों को बधाई दी। उन्होंने अच्छे प्रबंधन और आतिथ्य के लिए एसटीडीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और महाप्रबंधक की भी सराहना की।

## महिला टी–20 क्रिकेट

महिला टी–20 क्रिकेट श्रृंखला में कल रात ब्रिस्टल के काउंटी मैदान में खेले गए दूसरे मैच में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 24 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर एक सौ 81 रन बनाए। अमनजोत कौर ने 40 गेंदों में 63 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। जवाब में मेजबान टीम सीत विकेट पर केवल एक सौ 57 रन ही बना सकी।

इस विजय के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की महिला टी–20 क्रिकेट श्रृंखला में दो– शून्य से बढ़त हासिल कर ली है। श्रृंखला का तीसरा मैच शुक्रवार को लंदन के केनिंगटन ओवल मैदान में खेला जायेगा।

## मौसम

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज 18 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही यह संभावना भी जताई है कि अगले चार दिनों तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर रहेगा। विभाग के अनुसार रतलाम, सीधी, नीमच, सिंगरौली, मंडला, और डिंडोरी में अति भारी बारिश की संभावना है।

## समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा जिले में आज इंस्पायर अवॉर्ड योजना अन्तर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरजकुण्ड में होगा।
- पन्ना मे भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 11 जुलाई से 9 अगस्त तक 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

- नर्मदापुरम जिले में बारिश से होने वाले जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन ने 7 बाढ़ बचाव केंद्र स्थापित किए हैं।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता मे ंकल जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ब्लैक स्पॉट, सड़क दुर्घटनाएँ और हिट एंड रन मामलों पर चर्चा की गई।
- सतना सांसद गणेश सिंह ने कल जिले की ग्राम पंचायतों को 20 पानी के टैंकरों का वितरण किया।
- मंडला जिले में वर्षा ऋतु के दौरान दूषित जल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए पीएचई विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैण्डपम्पों एवं नलजल प्रदाय योजनाओं के स्त्रोतों में क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है।
- इंदौर कलेक्टर ने जिले में 10 से अधिक बार यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के वाहनों के पंजीयन निरस्त करने के निर्देश दिए है।

––––––––